स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार
राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार
परिवार कल्याण भवन, शेखपुरा, पटना - 800014

अनुबंध पर नर्स ग्रेड 'ए' की नियुक्ति हेतु वॉक-इन-इन्टरव्यू

अनुग्रह नारायण मगध चिकित्सा महाविधालय अस्पताल, गया, जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविधालय अस्पताल, भागलपुर एवं नालन्दा चिकित्सा महाविधालय अस्पताल, पटना में परिचारिका श्रेणी 'ए' के रिक्त पदों पर अनुबंध/मानदेय पर एक वर्ष के लिए नियुक्ति हेतु वॉक इन इन्टरव्यू का आयोजन किया जा रहा है।

(2) संस्थानवार एवं आरक्षणवार रिक्ति की स्थिति-

क्र० सं०	संस्थान का नाम	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	अत्यन्त पिछड़ा वर्ग	पिछड़ा वर्ग	अत्यन्त पिछड़ा वर्ग की महिला	पिछड़ा वर्ग की महिला	अनारक्षित	कुल पद
1.	अनुग्रह नारायण मगध चिकित्सा महाविधालय अस्पताल, गया	48	3	54	36	3	6	150	300
2.	जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविधालय अस्पताल, भागलपुर	58	4	65	43	4	7	182	363
3.	नालन्दा चिकित्सा महाविधालय अस्पताल, पटना	59	3	66	45	3	8	184	368
	कुल	165	10	185	124	10	21	516	1031

(3) **योग्यता:-** डिप्लोमा इन जेनरल नर्सिंग प्रोग्राम साथ ही बिहार राज्य नर्सिंग परिषद् से निबंधन होना चाहिए।
(4) **चयन का आधार-** डिप्लोमा इन जेनरल नर्सिंग प्रोग्राम का प्राप्तांक।
(5) **आयु सीमा:-** 18 वर्ष से 64 वर्ष के बीच (09/02/2010 तक)
(6) **मानदेय:-** 12,000/-रूपये प्रतिमाह। इसके अतिरिक्त कोई राशि देय नहीं होगी।
(7) नियमित नियुक्ति के समय सरकारी प्रावधानों के तहत इस अनुभव की मान्यता दी जायेगी।
(8) अनुबंध पर कर्मियों का कोई नियोजन नहीं होगा बल्कि स्वीकृत मानदेय के विरूद्ध कार्य करने हेतु अनुबंधित किया जायेगा।
(9) चयनित कर्मियों को इस आशय का Indemnity Bond भरना होगा कि वे सरकारी सेवा का दावा नहीं करेंगे।
(10) आवेदक सभी आवश्यक प्रमाण-पत्रों यथा शैक्षणिक योग्यता प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र किसी फौजदारी मुकदमें में दंडित नहीं होने के आशय का शपथ पत्र, जन्म तिथि से संबंधित मैट्रीकुलेशन प्रमाण-पत्र एवं पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ की दो अभिप्रमाणित प्रति के साथ अपने choice के संस्थान मे रिक्ति की उपलब्धता एवं उनपर नियुक्ति की संभावना के अनुरूप नीचे लिखे वॉक-इन-इंटरव्यू कार्यक्रम में भाग ले सकते है।
(11) उम्मीदवार के चयनोपरांत उन्हें तुरंत योगदान करना अनिवार्य होगा।
(12) **वॉक-इन-इंटरव्यू का कार्यक्रम:**

स्थान	तिथि	आवेदन एवं प्रमाण-पत्रों के जाँच का समय
• सम्बन्धित मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अधीक्षक का कार्यालय।	09/02/2010	10:00 बजे पूर्वाह्न से 12:00 बजे अपराह्न तक।

(13) अंतिम रूप से आरक्षण कोटिवार तैयार मेधा सूची अस्पताल कार्यालय के सूचना पट पर दिनांक 18/02/2010 तक प्रकाशित की जाएगी। इस चयन सूची के प्रकाशन के उपरांत 25/02/2010 तक चयनित उम्मीदवारों को योगदान करना होगा। यदि किसी अपरिहार्य कारणवश समय सीमा के भीतर योगदान करना किसी अभ्यर्थी के लिए संभव नहीं हो तो उसे 25/02/2010 तक अधीक्षक, मेडिकल कॉलेज अस्पताल को इसकी सूचना देनी होगी, अन्यथा चयन स्वतः रद्द हो जायगी।

कार्यपालक निदेशक